പൊതു വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ്
ഡയറ്റ് എറണാകുളം

T7

വൈഭവം 2021
എസ് എസ് എൽ സി അക്കാദമിക പിന്തുണ

സമയം : 45 മിനിറ്റ് **ഹിന്ദി** ആകെ സ്കോർ : 20

हिंदी

सामान्य निर्देश :

* प्रश्न ध्यान से पढ़ें।

* स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

*यहाँ 25 स्कोर के प्रश्न दिए हैं,आप को सिर्फ 20 स्कोर के लिए ही उत्तर लिखना है।

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहूँचे। " एक पैन स्याही भर दो। " साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा। " बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी। "

1. इस प्रसंग के मुख्य पात्र कौन– कौन है ? (1)

2.साहिल और बेला दुकान क्यों आए थे ? (2)

3.प्रस्तुत प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

" व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था " कहते ही वे " जानने " की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

4. व्यक्ति को जानने का परंपरागत तरीका क्या है ? (1)

5.कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखें। (1)

' उसके ' में निहित सर्वनाम कौन–सा है?

[(क) वह (ख) यह (ग) वे (घ) ये]

6. कोष्ठक में दिए शब्द जोड़कर वाक्य पिरमिड़ की पूर्ती करें। (2)

[घायल पड़े, सड़क पर]



सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता का यह अंश पढ़ें और और प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी बड़े-बड़े महारथी अकेली निहत्थी आवाज़ को अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें तब मैं रथ का टूटा हुआ पहिया उसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

7. अकेली निहत्थी आवाज़ किसकी है ? (1)

8. प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें। (3)

सूचना : ' आई एम कलाम के बहाने 'फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। यानी मेरे टिफिन के राजमा चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा सा छाछ का ड़िब्बा मेरा।

9. मोरपाल के टिफिन में क्या था ? (1)

10.प्रस्तुत प्रसंग पर मोरपाल और मिहिर के बीच की संभावित बातचीत लिखें। (4)

सूचना : ' गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

गुठली रोने लगी,तो बुआ ने डाँटा,"क्या शादी के घर में मनहूसियत फैला रही है?" तभी माँ ने अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पे लिख दिया। ये अक्षर छपाई जैसे नहीं थे, फिर भी गुठली माँ के प्यार से मान गई।

11. गुठली क्यों रोने लगी ? (1)

क) कार्ड पर नाम न होने से

ख) माँ के कार्ड पर नाम लिखने से

ग) माँ के डाँटने से

घ) बुआ के डाँटने से

12. इस प्रसंग के आधार पर गुठली की डायरी लिखें। (4)